राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–241/2024

राज्यपाल ने एशियन महिला हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी जीतने पर भारतीय महिला हॉकी टीम को बधाई दी

पटना, 20 नवम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजगीर, बिहार में आयोजित महिला एशियन हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी, 2024 जीतने पर भारतीय महिला हॉकी टीम को बधाई दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि पूरे टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने आपसी एकजुटता और अनुशासन के साथ खेला और हमारी टीम ने चीन को फाइनल में 1–0 से हराकर ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह हमारे खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, लगन और उत्कृष्ट खेल भावना का परिणाम है। इस उपलब्धि से भारत गौरवान्वित हुआ है।

राज्यपाल ने भारतीय महिला हॉकी टीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी है।

....